मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

क्रमांकः 492 | दिनांकः सितम्बर 10, 2021

विषय :– हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत संस्थान में आयोजित कार्यक्रम।

आपको यह जानकर हर्ष होगा कि मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की राजभाषा समिति द्वारा हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत संस्थानिक स्तर पर संस्थान के शैक्षिक संकाय, अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में कोविड–19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों, मानक प्रचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम ऑनलाइन तरीके से ही आयोजित किए जाएंगे जिसके लिए कृपया गुगलमीट लिंक **https://meet.google.com/ecf-rfzc-grm** के माध्यम से जुड़ने का कष्ट करें :–

क्र. सं.	कार्यक्रम / गतिविधि	संयोजक / सह–संयोजक (संपर्क सूत्र सहित)	दिनांक एवं समय	कार्यक्रम स्थल
1.	हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता *	डॉ. आर.के. व्यास डॉ. प्रियंका हरजुले डॉ. नीरजा सारस्वत –9413129311 niraja.hum@mnit.ac.in	सितम्बर 14, 2021 सायं: 5:00 बजे	एनकेएन
2.	तकनीकी विषयों पर हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता**	डॉ. वी.के. जैन डॉ. ज्योती जोशी– श्री अशोक अग्रवाल–9549654217 akagarwal.ee@mnit.ac.in	सितम्बर 15, 2021 सायं 5:00 बजे	एनकेएन
3.	हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता	डॉ. राजकुमार जोशी श्री विनोदमणि शर्मा श्री रामप्रकाश प्रजापत–9414001152 prprajapat@mnit.ac.in	सितम्बर 16, 2021 सायं: 5:00 बजे	एनकेएन
4.	हिन्दी काव्य–पाठ प्रतियोगिता	श्री राजकुमार दुबे डॉ. अनुभा जिन्दल सुश्री किरण राठौड –9549654916 kiranrathore@mnit.ac.in kiranrathore.adm@mnit.ac.in	सितम्बर 17, 2021 सायं: 5:00 बजे	एनकेएन

* हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय **"ऑनलाईन शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों के लिए अधिक प्रभावी है"** रहेगा।

** तकनीकी विषय पर हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के अन्तर्गत **"भारत में कोविड प्रबन्धन व नियन्त्रण में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका"** विषय पर 800 से 1000 शब्दों की शब्द–सीमा में निबन्ध लिखकर संबंधित गतिविधि संयोजक को ईमेल के माध्यम से पीडीएफ में दिनांक 15 सितम्बर, 2021 को सायं 5:00 बजे तक जमा करवाना होगा। निबन्ध **हस्तलिखित** होना आवश्यक है।

सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागी द्वारा अपनी प्रविष्टि की समस्त जानकारी (यथा– नाम, पता, फोन, ईमेल, संस्थान आईडी तथा प्रतियोगिता का नाम) कार्यक्रम / गतिविधि के **संयोजक / सह–संयोजक को उनके नाम के सम्मुख अंकित मेल** पते पर प्रेषित करनी होगी।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के निर्णयानुसार प्रतियोगिताओं के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र तथा **प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी संवर्ग में विजेता विद्यार्थियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि क्रमशः रुपये 2000 /–, 1500 /– एवं 1000 /– तथा दो सांत्वना पुरस्कार 500 /– प्रत्येक** को तथा **गैर विद्यार्थी संवर्ग में विजेता शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों को स्मृति–चिह्न** से सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है।

सुमन राठौड़
(सुमन राठौड़)
हिन्दी अधिकारी एवं सदस्य,
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

10/9/2021
(अशोक अग्रवाल)
संयोजक
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष / अनुभाग प्रभारियो को उनके अधीनस्थ कार्यरत समस्त शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों के संज्ञान हेतु।
2. समन्वयक, एनकेएन को उक्त कार्यक्रमानुसार नियत तिथि को एनकेएन उपलब्ध करवाने हेतु।
3. निदेशक महोदय के वैयक्तिक सचिव / कुलसचिव के आशुलिपिक।
3. वेबमास्टर को संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।